म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड भोपाल

क्रमांक / मंडी / प्रांगण / 20 / ब / पार्ट–2 / 383 भोपाल, दिनांक 26 / 11 / 15

प्रति,

अध्यक्ष / सचिव

कृषि उपज मंडी समिति

..............................जिला............................(समस्त)

विषय :– मंडी प्रांगण में ग्रेडिंग मशीन के संबंध में।

--000--

प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों में " मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी (भूमि एवं संरचना का आवंटन) नियम, 2009" के तहत स्वीकृत ले–आउट के अनुसार कृषि उपज विपणन की गतिविधी संचालित करने हेतु अनुज्ञप्धिारी व्यापारियों को भू'खंड, अधोसंरचना आवंटित की जाती है, जिसमें शापकम गोदाम एवं गोदाम आदि अधोसंरचनायें भी शामिल हैं। इन अधोसंचनाओं में अनुप्तिधारी व्यापारियों द्वारा क्रय अधिसूचित कृषि उपज के श्रेणीकरण, गुणवत्ता सुधार के लिये विभिन्न प्रकार के उपकरण को स्वंय के उपयोग हेतु लगाये जाते है। इसके तहत् अधिसूचित कृषि उपज के विपणन गतिविधियों को संचालित और वेल्यू एडिशन आदि करने के लिये अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों के द्वारा आवंटित अधोसंरचना में श्रेणीकरण, मानकीकरण के लिये ग्रेडिंग मशीन, बोरी की सिलाई मशीन, छन्ना, पंखा आदि उपकरण लगाये जाते है।

अतः उपरोक्त के संबंध में कृषि उपज मंडी समिति द्वारा यह सुनिश्चत किया जाये कि :–

01. ऐसे उपकरण स्वयं के उपयोग के लिये हो।
02. इस उपकरण के संचालन के लिये अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों को आवश्यकतानुसार सिंगल फेस या थ्री फेस के संबंध में मंडी समिति द्वारा अनुमति दी जा सकती है।
03. इस उपकरण का उपयोग करने वाले अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों का यह दायित्व होगा कि इस उपकरण से निकलने वाला वेस्ट मटेरियल स्वयं के व्यय पर प्रांगण से हटाया जाना सुनिश्चत करें।

04. इन उपकरणों के उपयोग अथवा उससे निकलने वाले वेस्ट मटेरियल से अडोस–पडोस के अनुज्ञप्तिधारी अन्य व्यापारियों को परेशानी नहीं होना चाहिये।

05. इन उपकरणों के संचालन या उससे निकलने वाली उत्पाद या इस प्रकार के वेस्ट मटेरियल आदि से मंडी प्रांगण की गतिविधियों में अवरोध उत्पन्न नहीं होना चाहिये।

प्रबंध संचालक
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

पृ. कमांक / मंडी / प्रांगण / 20 / ब / पार्ट–2 / 384 भोपाल,दिनांक 26/ 11/ 15

प्रतिलिपि :–

01. अपर संचालक(समस्त) म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यायल भोपाल।

02. मुख्य अभियंता / अधीक्षण यंत्री / संयुक्त संचालक, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुख्यायल भोपाल।

03. अपर संचालक / संयुक्त संचालक / उपसंचालकम0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय ....(समस्त)।

प्रबंध संचालक
म0प्र0राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल